भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †1354

सोमवार, 27 जुलाई, 2026/5 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

प्रवासी भारतीयों के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा

†1354. डॉ. थोल तिरूमावलवन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रवासी भारतीयों के साथ कोई बातचीत/विमर्श किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विदेशी पर्यटकों को देश में आकर्षित करने के लिए आम जनता का सहयोग लेने का सरकार का कोई कार्यक्रम है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण और पर्यटक उत्पन्न करने वाले संभावित बाजारों में राज्य सरकारों, भारतीय मिशनों और हितधारकों के सहयोग से विभिन्न संवर्धनात्मक गतिविधियाँ आयोजित करता है। इन गतिविधियों में पर्यटन रोडशो, खाद्य महोत्सव, व्यापारिक बैठकें, परिचयात्मक (एफएएम) यात्राएँ, प्रवासी समुदाय से जुड़ाव और टूर ऑपरेटरों, उद्योग के हितधारकों तथा मीडिया के साथ आउटरीच कार्यक्रम शामिल हैं।

मंत्रालय ने वर्ष 2024 में भारतीय प्रवासियों को प्रोत्साहित करने और विदेशी नागरिकों को भारत आने के लिए प्रेरित करके भारत को एक पर्यटन गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलो इंडिया अभियान शुरू किया। इसके अलावा, मंत्रालय अपने डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से देश के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स के साथ नियमित रूप से सहयोग करता है।

*****